# शहरी क्षेत्र में दो कॉलोनियों के विरूद्ध हुई कार्रवाई

**नगर संवाददाता**

**ग्वालियर 29 जनवरी।** ग्वालियर जिले में अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में अवैध कॉलोनी के विरूद्ध निरंतर कार्रवाई का अभियान चलाया

**कलेक्टर के निर्देश पर नगर निगम ने चलाया बुल्डोजर**

जा रहा है। ग्वालियर नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देश पर गुरुवार को दो अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है।

नगर निगम सीमा अंतर्गत अवैध रूप से विकसित की जा रहीं अवैध कॉलोनियों पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। कॉलोनाइजरों द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश, ग्वालियर एवं



नगर निगम ग्वालियर की अनुमति के बिना कॉलोनियों में विकास कार्य किए जा रहे थे। जिन पर कार्रवाई करते हुए निगम अमले द्वारा विकास कार्यों को हटाया गया।

नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने बताया कि अवैध कालोनियों पर कार्रवाई के अभियान अंतर्गत प्रथम चरण में चिन्हित 58 कालोनियों में से ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत 4 कालोनियों पर विगत दिवस को कार्यवाही की गई थी। उसी चरण अंतर्गत 2 अवैध कालोनियों पर आज दिनांक 29 जनवरी 2026 को वार्ड 62 के ग्राम पदमपुर खेरिया एवं मुरार के सर्वे क्रमांक 103/1,103/2, 151, 169/1,169/2, 171/1, 171/2, 171/3 कुल रखवा 1.682 हेक्टेयर (लगभग 8 बीघा) पर अवैध कॉलोनी का विकास कर सड़क सीवर बाउंड्री एवं विद्युत पोल आदि निर्मित किए गए थे। जिन्हें हटाने की कार्यवाही की गई तथा एक कॉलोनाइजर को विकास अनुज्ञा लेने के उपरान्त ही कार्य करने हिदायत दी गई। आज की कार्रवाई के दौरान सिटी प्लानर श्री महेंद्र अग्रवाल, भवन अधिकारी श्री राजू गोयल, भवन निरीक्षक श्री उत्पल भदौरिया एवं मदाखलत अधिकारी श्री शैलेंद्र चौहान तथा पुलिस बल सहित कार्यवाही में उपस्थित रहे।

# 550 छात्रों को मिली सैन्य और बोर्ड परीक्षाओ की जानकारी

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 29 जनवरी।** शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय क्र. 2 मुरार में कैरियर मेले का आयोजन किया गया। इसमें 550 छात्रों ने भाग लिया।जिसमें छात्रों को सैन्य मार्गदर्शन एवं बोर्ड परीक्षाओं में सफलता प्रदान कराने हेतु जानकारी दी गई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि ए. के. दीक्षित (विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मुरार) एवं संजीव शर्मा (प्राचार्य, शास0हाई स्कूल घासमण्डी मुरार) एवं विशिष्ट अतिथि मेजर मोहम्मद अजहरूद्दीन, कैप्टन गजराज सिंह एवं सूबेदार - सुनील कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए । इसमें विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रेनू बेदी एवं श्री आर. एन. शर्मा वरिष्ट व्याख्याता (केरियर




काउन्सलिंग प्रभारी ) के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती रंजना हांडे एवं एम. एल. झा, ए. आर. शंखवार, ममता गुप्ता, देवेश शर्मा, सुषमा शर्मा, राजकिशोरी शर्मा, सपना सिंह कुशवाह, किरन यादव, मंजू श्रीवास्तव, कविता गुप्ता, सुनीता सिंह, रीना ओझा, मिथलेश दौहरे, संजीव मोर, अमिता सिंह, नीतू मिश्रा, राजेन्द्र वर्मा, उमा गोयल, सुनीलकान्त श्रीवास्तव, मनोज सिंह जादौन, रामविहारी दुबे, श्रीमती मीरा राघव, विनेश सिंह चौधरी, श्रीमती मनोरमा तोमर, लाखन सिंह निगम, नीलू राणा, दीपेन्दर कौर, अनीता तोमर, मुकेश सिन्हा, देवलाल राम भगत, मनोज कुमार जारिहा, दिनेश अग्रवाल, गयाप्रसाद भाण्डेरिया, दशरथ सिंह कुशवाह एवं समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा ।

# आईटीएम में 'राग बैरागी भैरव' के साथ हुआ बसंतोत्सव सप्ताह का समापन

**नगर संवाददाता**

**ग्वालियर 29 जनवरी।** आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में आयोजित बसंतोत्सव सप्ताह के समापन अवसर पर 'राग बैरागी भवर' के साथ सुरों की संध्या सजी। संस्थान के उस्ताद अल्लाउदीन खान (बाबा मैहर) ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में बनारस घराने की प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत गायक डॉ. पारुल दीक्षित ने अपने मधुर कंठ से सुरों की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके साथ तबले पर पांडूरंग तेलंग और हारमोनियम पर विवेक जैन ने संगत की। इस अवसर पर आईटीएम की फाउंडर चांसलर रमाशंकर सिंह, चांसलर रुचि सिंह, प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, वाइस चांसलर प्रोफेसर




डॉ. योगेश उपाध्याय, रजिस्ट्रार डॉ. ओमवीर सिंह, डीएसडब्ल्यू तृप्ति पाठक, डीन एकेडमिक डॉ. रंजीत सिंह तोमर, डॉ. संजय जोथे, डॉ. मनीष जैसल सहित संस्थान के विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, डीन, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफसर और ग्वालियर शहर व अंचल से बड़ी संख्या में आए संगीत स्वर रसिक मौजूद रहे।

इस अवसर पर सुप्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत गायिका डॉ. पारुल दीक्षित ने प्रस्तुति की सुरूआत 'राग बैरागी भैरवी' की मनोहारी प्रस्तुति देकर सभागार में उपस्थित संगीत रसिकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने राग बैरागी भैरवी में मध्य लय एक ताल सुर में सजी मां सरस्वती की वंदाना की प्रस्तुति दी। सुप्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत गायिका डॉ. पारुल दीक्षित ने ठुमरी दादरा, कजरी, चैती के साथ बनारस घराने सशक्त प्रस्तुतियां दी। उन्होंने गुरु पंडित छन्नूलाल मिश्र की रचना मध्यम लय अध्धा ताल मिश्र नट में निबद्ध ठुमरी की प्रस्तुति दी। जिसके बोले थे ' तागे तौसे नैना, नैना रे...लागे तौसे नैना, नैना नैना रे...। अब तौसे नैना...साबरी सूरत निरखे बिना मोहे चैना... लागे तौसे नैना...' । इसके बाद गायिक डॉ. दीक्षित ने होरी कर्ण प्रिय प्रस्तुति दी। जिसके बोल थे ' रंग डारूंगी नंद के लालन पै, लालन पै, डारूंगी-डारूंगी रंग डारूंगी...। लाल कर दूंगी सावरा रंग, सावरा रंग लाल कर दूंगी मली गुलाल दो गालन पे, रंग डारूंगी नंद के लालन पै...। नारी बनाइयके नाच नचाउंगी..रंग डारूंगी नंद के लालन पे...' की प्रस्तुति ने पूरे सभागार को उत्साह और आनंद से भर दिया।

# कायाकल्प : 'मर्सी होम' अब बना 'स्वीट होम'

**नगर संवाददाता**

**ग्वालियर 29 जनवरी।** जिले में सेवा और समर्पण की एक नयी मिसाल पेश की गई है। मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के आश्रय स्थल 'मर्सी होम' को अब 'स्वीट होम' के रूप में नई पहचान मिली है। कलेक्टर रुचिका चौहान की संवेदनशील पहल और राम

**कलेक्टर की पहल ने बदली दिव्यांग बच्चों की दुनिया**

आस्था मिशन फाउंडेशन के अथक प्रयासों से इस केंद्र का पूरी तरह कायाकल्प कर दिया गया है। कुछ समय पहले कलेक्टर रुचिका चौहान ने मर्सी होम का निरीक्षण किया था। वहां की स्थिति को देखते हुए उन्होंने सामाजिक सरोकार के तहत इसे सुधारने का संकल्प लिया।



उन्होंने राम आस्था मिशन फाउंडेशन को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया, जिसके बाद समाज के विभिन्न वर्गों के सहयोग से बदलाव की लहर शुरू हुई। मर्सी होम को बेहतर बनाने के लिए मिशन की टीम ने जमीन स्तर पर कई महत्वपूर्ण कार्य किए।

**रंग-रोगन और कलाकृति:** जर्जर दीवारों की मरम्मत के बाद आर्ट कॉलेज के विद्यार्थियों ने सुंदर पेंटिंग के माध्यम से परिसर को जीवंत और आकर्षक बनाया।

**बुनियादी सुविधाओं का अपग्रेडेशन:** कम से कम खर्च में पुराने सामानों को रिपेयर किया गया। कूलर, पंखे, खिड़कियां, दरवाजे और फर्नीचर को दुरुस्त कर बच्चों के रहने लायक बनाया गया। सकारात्मक वातावरण: परिसर में स्थित मंदिर का रिनोवेशन किया गया ताकि वहां रहने वाले बच्चों को एक आध्यात्मिक और सकारात्मक परिवेश मिल सके।

**व्यक्तिगत देखभाल:** होम में रह रहे सभी बच्चों के लिए दो-दो जोड़ी नए कपड़ों की व्यवस्था की गई।

**इनका कहना...**

'यह कार्य केवल सरकारी प्रयास नहीं, बल्कि समाज के साझा उत्तरदायित्व का परिणाम है। मर्सी होम का 'स्वीट होम' में बदलना बच्चों के प्रति हमारी संवेदनशीलता को दर्शाता है।'

**- रुचिका चौहान**
**कलेक्टर ग्वालियर**

# श्री शीतला माता मंदिर में गूँजा राष्ट्रभक्ति का स्वर




**नगर संवाददाता**

**ग्वालियर 29 जनवरी।** सिद्धपीठ श्री शीतला माता मंदिर में आयोजित 'पंच परिवर्तन श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ' इन दिनों श्रद्धा और राष्ट्रभक्ति के अनूठे संगम का केंद्र बना हुआ है। कथा के माध्यम से न केवल आध्यात्मिक संदेश दिए जा रहे हैं, बल्कि समाज को स्वदेशी चिंतन, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रभक्ति के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। प्रसिद्ध भागवताचार्य पंडित संजीव शास्त्री ने कथा के दौरान 'कंस वध' की दिव्य लीला का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें अत्याचार के अंत, धर्म की स्थापना और स्वाभिमान की रक्षा करना सिखाता है। शास्त्री जी ने जोर देकर कहा कि आज के परिप्रेक्ष्य में यह प्रसंग हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और एक सशक्त, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूज्य मद्धाखो महाराज ने अपने उद्बोधन में स्वदेशी वस्तुओं

**भागवत कथा के जरिए आत्मनिर्भर भारत का आह्वान**

के उपयोग की बात कही। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर ने कार्यक्रम के मूल उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 'पंच परिवर्तन ज्ञान यज्ञ' का लक्ष्य समाज में संस्कारों का सिंचन, सामाजिक समरसता, स्वदेशी विचारधारा, राष्ट्रभक्ति की मजबूती हैं।

# चेंबर में नि :शुल्क मल्टी स्पेशलिटी मेडिकल कैम्प कल

## पूर्व अध्यक्ष स्व . राजेश बनवारी की स्मृति में, सिंधु सोशल एंड कल्चरल सोसायटी कर रही है आयोजन

**नगर संवाददाता**

**ग्वालियर 29 जनवरी।** सिंधु सोशल एंड कल्चरल सोसायटी अपने 24वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व अध्यक्ष स्व. राजेश बनवारी की स्मृति में एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 31 जनवरी, शनिवार को प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक मध्य प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स के माधवराव सिंधिया सभागार में करने जा रही है। यह शिविर सर गंगाराम हॉस्पिटल, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्वालियर की महापौर डॉ.




शोभा सिकरवार होंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्वालियर पूर्व के विधायक डॉ. सतीश सिंह सिकरवार उपस्थित रहेंगे। इस शिविर में सर गंगाराम हॉस्पिटल के चार प्रमुख विशेषज्ञ डॉ. लक्ष्मीकांत तोमर (न्यूरोलॉजी) मस्तिष्क, डिस्क, स्पाइन और मांसपेशियों की समस्याओं के विशेषज्ञ, डॉ. नरेश बंसल (लिवर व पेट रोग): लिवर, हेपेटाइटिस और पेट संबंधी विकारों के विशेषज्ञ, डॉ. अभिनव गुलियानी (चेस्ट फिजिशियन) अस्थमा, निमोनिया, टीबी और फेफड़ों के रोगों के विशेषज्ञ और डॉ. अनीता गंगेर (नेत्र रोग), मोतियाबिंद, कॉर्निया और न्यूरो नेत्र विज्ञान की विशेषज्ञ अपनी सेवाएँ देंगे। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए संस्था के अध्यक्ष राजेश वाटवानी, महासचिव डॉ. अशोक जैसवानी, सचिव रोशन गाबरा, मार्गदर्शक डॉ. सी. पी. लाडकानी, संयोजक दीपक श्रीचंद जैसवानी, डॉ. रोहित मगनानी एवं डॉ. राजेश हबलानी और मीडिया का काम संभाल रहीं ज्योति अग्रवाल निरंतर प्रयासरत हैं। संस्था ने ग्वालियर एवं आसपास के नागरिकों से इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

**नि :शुल्क जाँचें एवं दवाइयाँ भी मिलेगी**

संस्था के पदाधिकारी सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि, मरीजों को परामर्श के साथ-साथ एलएफटी, ब्लड शुगर, यूरिन, एक्स-रे और पीएफटी जैसी जाँचें पूरी तरह नि :शुल्क उपलब्ध कराई जाएँगी। इसके अलावा आवश्यकतानुसार आँखों के ड्रॉप्स एवं दवाइयाँ नि :शुल्क दी जाएँगी। सीटी स्कैन और एमआरआई जैसी बड़ी जाँचों पर 60 प्रतिशत की भारी छूट भी दी जाएगी।

# कांग्रेस नेत्री का ऐलान : भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं तो फूलबाग पर धरना

**नगर संवाददाता**

**ग्वालियर 29 जनवरी।** पूर्व प्रदेश महामंत्री (महिला कांग्रेस) निधि शर्मा ने प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार और अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को संबोधित करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि दो दिनों के भीतर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे फुलबाग मैदान में विशाल धरना प्रदर्शन करेंगी।

**फर्जी नियुक्तियों और ब्लैकमेलिंग का गंभीर आरोप :** निधि शर्मा ने आरोप लगाया कि विभाग के कुछ उच्च अधिकारी पद का दुरुपयोग कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अनुकंपा नियुक्तियां बांट रहे हैं। इतना ही नहीं, जब कोई ईमानदार कर्मचारी या संगठन का पदाधिकारी इन अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाता है, तो उसे सुनियोजित तरीके से प्रताड़ित किया जाता है।

**दबाव बनाने के लिए 'झूठे मुकदमों' का सहारा :** शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले लोगों पर दबाव बनाने के लिए अधिकारी अनैतिक हथकंडे अपना रहे हैं। उन्होंने कहा-शिकायत वापस लेने के लिए कर्मचारियों पर झूठे एससी एसटी एक्ट लगवाने की धमकी दी जाती है।

**इनका कहना...**



नियमों को ताक पर रखकर कर्मचारियों का प्रमोशन रोका जा रहा है। सत्य की आवाज उठाने वालों को मानसिक रूप से ब्लैकमेल किया जा रहा है। सामान्य प्रशासन विभाग ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से हटाये और सस्पेंड करना चाहिए। कर्मचारियों को न्याय दिलाने के लिए मैं किसी भी हद तक जाऊंगी।

**— निधि शर्मा,**
**पूर्व प्रदेश महामंत्री, महिला कांग्रेस**

# क्लब फुट का सफल ऑपरेशन कर बच्चे को दी नयी जिंदगी

**नगर संवाददाता**

**ग्वालियर 29 जनवरी।** जिला अस्पताल मुरार के डॉक्टरों ने एक सराहनीय मिसाल पेश की है। यहाँ जन्मजात विकृति 'क्लब फुट' से जूझ रहे एक बच्चे का जटिल ऑपरेशन पूरी तरह निशुल्क और सफल रहा। ऑर्थोपेडिक

**जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने पेश की मिसाल**


सर्जन डॉ. रोहित अजमेरिया और डॉ. जितेन्द्र त्रिपाठी ने अपनी टीम (एनेस्थेटिक डॉ. श्रद्धा गोस्वामी) के साथ इस जटिल सर्जरी को अंजाम दिया। ग्वालियर-चंबल अंचल के जिला अस्पताल में इस तरह का यह पहला क्रिटिकल ऑपरेशन है। इसमें मांसपेशियों के साथ-साथ हड्डी को काटकर पैर सीधा किया गया। मरीज के पास आयुष्मान कार्ड नहीं था और न ही इलाज के पैसे। डॉक्टरों ने स्वयं के खर्च पर इंप्लांट की व्यवस्था की ताकि गरीब



परिवार पर कोई बोझ न पड़े। जिला स्तर पर ऐसी सर्जरी शुरू होने से अब ग्वालियर के जयारोग्य अस्पताल पर मरीजों का दबाव कम होगा। सिविल सर्जन डॉ. राजेश शर्मा और सीएमएचओ डॉ. सचिन श्रीवास्तव ने टीम की इस उपलब्धि को सराहा है।

# संघ की 100 वर्षों की यात्रा प्रदर्शनी आज से

**ग्वालियर 29 जनवरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चित्र-दृश्य प्रदर्शनी का शुभारंभ आज 30 जनवरी से ग्वालियर व्यापार मेला में होगा। इसका उद्घाटन शुक्रवार को सायं 7 बजे मेला कार्यालय के सामने होगा। प्रदर्शनी में संघ की गौरवपूर्ण 100 वर्षों की यात्रा को जीवंत चित्रों और दृश्यों के माध्यम से दर्शाया जाएगा। आद्य सरसंघचालक डॉ.केशव बलिराम हेडगेवार से लेकर वर्तमान तक के संघ के योगदान, शाखाओं का विस्तार, राष्ट्रसेवा के अनगिनत प्रसंग और सामाजिक कार्यों की झलकियां नजर आएंगी।




# एटीएम और कारों में आग लगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**ग्वालियर,29जनवरी।** किलागेट इलाके में दहशत फैलाने वाले एक बाल अपचारी को पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में लिया है। आरोपी ने न केवल सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाया, बल्कि पेट्रोल डालकर एक एटीएम मशीन और अर्टिगा कार को आग के हवाले कर दिया था। पुलिस के अनुसार, शहर में आगजनी और तोड़फोड़ की दो प्रमुख घटनाएं सामने आई थीं, 27 जनवरी की रात पच्चीपाड़ा गंज मंडी निवासी शंकर सिंह तोमर की अर्टिगा कार में एक अज्ञात युवक ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज की और भागते समय पास खड़ी दिनेश सिकरवार की स्कॉर्पियो का शीशा भी पत्थर मारकर तोड़ दिया। इससे पहले 26 जनवरी को किलागेट चौराहा स्थित एक बैंक के एटीएम में भी इसी तरह आगजनी की गई थी। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी एटीएम मशीन पर पेट्रोल डालकर आग लगाते हुए साफ नजर आया था। थाना प्रभारी ग्वालियर प्रशांत शर्मा ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से जांच शुरू की। 28 जनवरी को पुलिस को सूचना मिली कि संदिग्ध आरोपी रमटापुरा पुल के पास खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी कर लड़के को पकड़ लिया ।गहन पूछताछ में उसने दोनों घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी बाल अपचारी है, जिसे पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में लेकर थाना ग्वालियर में अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

# जिला स्तरीय कौशल समिति की बैठक आज

**ग्वालियर 29 जनवरी।** जिला स्तरीय कौशल समिति की बैठक कलेक्टर रुचिका चौहान की अध्यक्षता में आज 30 जनवरी को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार बोर्ड के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की जायेगी। प्राचार्य शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने विभाग से संबंधित संचालित योजनाओं की जानकारी सहित बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# एपपीएआई के सेंटर पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित




**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 29 जनवरी।** ग्रासिम इंडस्ट्री विक्रम वूलन मालनपुर के सहयोग से आज ग्राम सिंघवारी में फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ग्वालियर शाखा द्वारा सेटलाइट सेंटर पर एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति सजक एवं जागरूक कर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में संस्था की शाखा प्रबंधक श्रीमती नीलम दीक्षित जी उपस्थित थी। उन्होंने अपने उद्बोधन से सभी महिलाओं को महिला स्वास्थ्य एवं प्रजनन यौन स्वास्थ्य पर जानकारी देते हुए सभी को परामर्श दिया साथ ही उन्होंने सामान्य बीमारियों पर चर्चा की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में संस्था के कार्यक्रम अधिकारी श्री अच्छेंद्र सिंह कुशवाह द्वारा सभी को पुरुष स्वास्थ्य एवं युवा स्वास्थ्य पर जानकारी दी ।एवं उन्होंने संस्था की नवीन गतिविधियों में जानकारी देते हुए ग्रासिम इंडस्ट्रीज विक्रम वूलन मालनपुर के कार्यों एबं सहयोग पर चर्चा की। कार्यक्रम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अर्चना जैन ज़ी ने सामान्य रोग विशेषज्ञ द्वारा सेवाएं प्रदान की। उन्होंने सभी हितग्राहियों का परीक्षण कर उन्हे उचित परामर्श भी दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की ओर से डॉली सिंह संजना जाटव भूमि मंजेश आयुषी दीपा गुर्जर , छात्र आदि लोगों का मुख्य योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती कुशमा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

